| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| सिक्किम | 7.5 | — |
| उत्तर प्रदेश | 31.8 | 24.0 |
| पश्चिम बंगाल | 0.3 | — |
| | | 2224.0 |
| *अन्य | — | 10.0 |
| योग : | 2418.9 | 2234.0 |

*छोटे उत्पादक राज्यों के 1991–92 के संभावित उत्पादन को "अन्य" शीर्ष के अंतर्गत संकलित किया गया है ।

**खाद्यान्नों के मूल्यों में गिरावट**

3321. **चौधरी हरि सिंह :** क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि धान, ज्वार, बाजरा, मक्का और रागी के प्रति क्विंटल मूल्य में गत तीन महीनों के दौरान कमी हुई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाये हैं कि उक्त वस्तुओं के लिए मूल्य में कमी होने के कारण कृषकों को हानि न हो ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामाचन्द्रन) :** (क) से (ग) उपलब्ध आंकड़े दर्शाते हैं कि विगत 3 महीनों के दौरान धान, ज्वार, बाजरा तथा रागी के मूल्यों में कोई उल्लेखनीय कमी नहीं आयी है । इन जिन्सों का खुला बाजार मूल्य सरकार द्वारा 1991–92 मौसम के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी अधिक है । कृषि जिन्सों के लिए बाजार समर्थन प्रचालन को अपनाने हेतु सरकार द्वारा निर्धारित किया गया न्यूनतम समर्थन मूल्य उत्पादकों को इस बात की गारण्टी देता है कि यदि अत्यधिक उत्पादन हो या अन्य किन्हीं कारणों के परिणाम-स्वरूप बाजार में होने वाली अतिशयता की दशा में भी मूल्यों को न्यूनतम आर्थिक स्तर से नीचे नहीं गिरने दिया जाएगा ।

**दलहन और तिलहन का उत्पादन**

3322. **श्री राम नरेश यादव :** क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992–93 में दलहन और तिलहन के उत्पादन का क्या लक्ष्य रखा गया है ;

(ख) क्या सरकार ने निर्धारित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए शुष्क क्षेत्रों में लघु और सीमान्त कृषकों को इनके उत्पादन में वृद्धि के लिए प्रोत्साहन देने हेतु कोई कारगर योजना बनाई है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामाचन्द्रन) :** (क) 1992-93 के दौरान तिलहन तथा दलहनों के लिए राष्ट्रीय लक्ष्य क्रमश: 190 तथा 145 लाख मीटरी टन है ।

(ख) और (ग) तिलहनों का उत्पादन बढ़ाने के लिए 21 राज्यों में एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना कार्यान्वित की जा रही है । एक अन्य केन्द्रीय प्रायोजित योजना अर्थात राष्ट्रीय दलहन विकास कार्यक्रम 24 राज्यों तथा 2 केन्द्र शासित प्रदेशों में क्रियान्वित किया जा रहा है । इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्रमाणीकृत बीजों, पौध संरक्षण रसायनों तथा उपकरणों का वितरण, उन्नत फार्म उपकरण, छिड़काव सेटों का वितरण तथा रिझोबियम कल्चर जैसी मदों के लिए छोटे और सीमान्त किसानों सहित, किसानों को सहायता प्रदान की जाती है । दलहन के लिए भी एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना अर्थात विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम, दलहन है, जो कि चना तथा अरहर के पौध संरक्षण उपायों के लिए सहायता और ग्रीष्म दलहन

के लिए बीज घटक पर भी सहायता प्रदान करता है । दलहन, अब प्रौद्योगिकी मिशन के कार्यक्षेत्र में आता है जिसे मैं अग्रणी प्रदर्शनों के माध्यम से उन्नत किस्मों की लोकप्रिय बनाने और अभ्यास पद्धतियों पर विशेष जोर दिया गया है ।

### राष्ट्रीय फल

3323. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सारे देश में मिलने वाले कौन-कौन से फलों को राष्ट्रीय फल घोषित किया गया है; और

(ख) सरकार किन-किन फलों को राष्ट्रीय फल घोषित किये जाने पर विचार कर रही है ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन)** : (क) और (ख) सरकार ने किसी भी फल को राष्ट्रीय फल घोषित नहीं किया है और किसी भी फल को राष्ट्रीय फल घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

### Allotment of rice, edible oils and sugar to West Bengal and Sikkim

3324. SHRI RATNA BAHADUR RAI: Will the Minister of FOOD be pleased to state;

(a) what were the quantum of rice, edible oils and sugar demanded by the West Bengal and Sikkim during the last 3 years; and

(fa) what were the quantum of actual allotments of these items to these states and tne details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI KAMALUDDIN AHMED: (a) and (b) The demand and allotment of rice under the PDS are given below:—

*(in '00 0 tonnes)*

| Calendar Year | Demand | | Allotment | |
|---|---|---|---|---|
| | West Bengal | Sikkim | West Bengal | Sikkim |
| 1990 | 1800·0 | 56•5 | 354·0 | 54•0 |
| 1991 | 1703•0 | 58·5 | 353•0 | 58·0 |
| 1992* | 1200•0 | 44·0 | 5907·4 | 36·0 |

*(January to August, 1992)

The demand and allocation of edible oil to West Bengal and Sikkim are as follows:—

| Oil year (November-October) | Demand | | Allotme nt | |
|---|---|---|---|---|
| | West Bengal | Sikkim | West Bengal | Sikkim |
| 1989-90 | 180·0 | 1·8 | 67·4 | 1 45 |
| 1990-91 | 180·0 | 1·8 | 13 1 | 0·65 |
| 1991-92 (upto may) | NA | NA | 4·5 | 0·60 |